>

Title: Need to accord approval for four laning of N.H. 75 in Satna parliamentary constituency, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 75 की ओर दिलाना चाहता हूँ। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना से होकर निकलती है उसमें फोर लेन बनाने का प्रस्ताव जिस पर सैद्धांतिक सहमति केंद्र सरकार की हो चुकी है, उसकी सभी औपचारिकताएं बीडिंग और एवार्ड पूरा हो चुका है, जिसमें पीपीपी मॉडल में सतना बायपास से लेकर बेला तक फोर लेन स्वीकृति का प्रस्ताव सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति द्वारा 10 अगस्त, 2011 को अनुमोदित किया गया था जो कि 3 वर्ष गुजरने के बाद भी उक्त निर्माण कार्य की शुरूआत नहीं हुई है। इन 3 वर्षों में वहाँ पर जमीन का रेट भी बढ़ चुका है, जिसकी वजह से एवार्ड की कीमत बढ़ गई है। मध्य प्रदेश रोड डवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 में फोर लेन के निर्माण हेतु अवार्ड का खर्चा बढ़ने पर मंत्रालय द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसका जवाब उन्होंने दिनांक 19 मार्च 2013, 10 अप्रैल एवं 15 अप्रैल 2013 को अपने पत्र में भेज दिया है।

मेरी सरकार से मांग है कि अविलंब फाइनल स्वीकृति दी जाए।